**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा जारी, झारखंड में राजनीतिक बयानबाजी तेज, भाजपा ने कहा– स्वामित्व विवादों का होगा समाधान, कांग्रेस ने बताया धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ।**

2. **केन्द्र सरकार का झारखंड समेत देशभर में 728 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने का लक्ष्य, अनुसूचित जनजाति के करीब साढे तीन लाख विद्यार्थी होंगे लाभान्वित।**

3. **धनबाद रेल मंडल को माल ढुलाई के मामले में देशभर में पहला स्थान, यात्री सुविधाओं में भी आगे, दक्षिण पूर्व रेल मंडल के डीआरएम ने सरायकेला –खरसांवा के आदित्यपुर स्टेशन का किया निरीक्षण।**

4. **जमशेदपुर के एलआईसी ऑफिस से 50 लाख से ज्यादा रुपये की चोरी, सीसीटीवी का डीवीआर भी गायब, जांच में जुटी पुलिस।**

5. **चाईबासा रिमांड होम से भागे सात बाल बंदी लौटे, 14 अन्य की तलाश जारी, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की निदेशक ने घटना की पुनरावृति रोकने के लिए दिये कई निर्देश।**

**समाचार विस्तार से**

*******************

अल्पसंख्यक मामलों के केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने द्वारा आज लोकसभा में पेश किये गये वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा जारी है। श्री रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है।

*******************

क्फ विधेयक को लेकर झारखंड में भी राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। भाजपा ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वक्फ बिल जरूरी है, क्योंकि कानूनी सुधारों से स्वामित्व विवादों का समाधान होगा। इस बीच पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा है कि कांग्रेस शासन में इस कानून में जो गलत प्रावधान किये गये थे, उसमें संशोधन के जरिए केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार उसे सुधारने जा रही है।

*******************

इधर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इस विधेयक को धार्मिक स्वतंत्रता का हनन बताया है। श्री कमलेश ने आरोप लगाया कि आदिवासी और अल्पसंख्यकों की जमीन हड़प कर केंद्र सरकार पूंजीपतियों को देना चाहती है।

*******************

केंद्र ने झारखंड समेत देशभर में 728 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने का लक्ष्य रखा है, जिससे अनुसूचित जनजाति के करीब साढे तीन लाख विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

*******************

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर शाहिद अख्तर गुमला जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने आज परिसदन के सभागार में जिले के अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष ने नयी शिक्षा नीति लागू करने पर बल दिया।

*******************

धनबाद रेल मंडल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए माल ढुलाई के मामले में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। धनबाद मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने आज पत्रकारों को बताया कि धनबाद मंडल यात्री सुविधा और माल ढुलाई दोनों में अब भी पहले स्थान पर बना हुआ है।

*******************

दक्षिण पूर्व रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया ने आज सरायकेला–खरसांवा जिले के आदित्यपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल अगस्त माह से आदित्यपुर रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन और ठहराव सुनिश्चित हो सकेगा।

******************

चाईबासा स्थित रिमांड होम से फरार बाल बंदियों के मामले की जांच के लिए महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की निदेशक समीरा एस आज चाईबासा पहुंचीं। बाद में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बताया कि जिले से लेकर राज्य स्तर पर मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा थाना अंतर्गत रातामाटी वन ग्राम इलाके में सुरक्षा बलों ने आज एक आईईडी बरामद किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षाबलों को लगातार सफलताएं मिल रही हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित एलआईसी ऑफिस के दूसरे और तीसरे तल्ले से 50 लाख रुपये से ज्यादा की चोरी हो गयी हैं। तिजोरी का ताला टूटा पाया गया है और कैंपस में लगे सीसीटीवी का डीवीआर गायब हैं। एलआईसी के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजेश राजन सिन्हा ने कहा कि पूरे मामले की जा रही है।

******************

**संक्षिप्त खबरें**

- पलामू प्रमंडल के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर सांसद वीडी राम ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात की।
- 
- गुमला जिले में जेएसएलपीएस के माध्यम से रागी मिशन के तहत महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे रागी के लड्डू एवं अन्य खाद्य पदार्थों को ऑनलाईन बाजार में उपलब्ध कराया गया है।
- 
- ललमटिया–फ़रक्का एमजीआर रेलवे लाइन में दो मालगाड़ियों की टक्कर के बाद एनटीपीसी से कोयला ढुलाई पूरी तरह से बाधित है।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आसमान में बादल छाये हुए हैं। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी का प्रभाव चार अप्रैल तक देखने को मिलेगा। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है।

******************

हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की 40 महिला खिलाड़ियों का कोर ग्रुप बनाया है। इस कोर ग्रुप में झारखंड की आठ खिलाड़ी शामिल की गयी हैं।

******* ********